Carmel International School, Hosur

Grade :VI **Worksheet - I** **SUB :HINDI**

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

हेलेन जब कुछ बड़ी हुई तो वह भी बाल-सुलभ क्रीडाएँ करने लगी| शारीरिक क्षमताओं के अभाव में वह अन्य बालकों के साथ खेल नहीं पाती थी| इधर श्रीमती केलर ने हेलेन को अनेक चिकित्सकों को दिखाया| इसी बीच वे डॉ. माइकल के संपर्क में आई| डॉ. माइकल ने एक युवा और कुशल अध्यापिका एनी सुलिवान को टसकंबिया भेज दिया| एनी सुलिवान स्वयं कुछ वर्ष तक दृष्टिहीन रह चुकी थी| डॉ. माइकल ने उनकी आंखों के नौ ऑपरेशन कर उन्हें नेत्र ज्योति प्रदान की थी|

(i) हेलेन अन्य बालकों के साथ क्यों नहीं खेल पाती थी?
(ii) श्रीमती केलर किसके सम्पर्क में आई?
(iii) डॉ. माइकल ने किसे टसकंबिया भेजा?
(iv) डॉ. माइकल ने हेलेन की आँख के कितने ऑपरेशन किए?
(v) 'श्रीमती' का पुल्लिंग लिखिए|

2. **निम्नलिखित पत्रों को लिखिए|**

(i) आपके विद्यालय के पुस्तकालय में पुस्तकों का नितांत अभाव है| पुस्तकें मँगवाने का अनुरोध करते हुए प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए|
(ii) ग्रीष्मावकाश साथ-साथ बिताने के लिए मित्र को आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए|

3. **दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए|**

(i) धरती
(ii) समुद्र
(iii) पक्षी
(iv) बारिश
(v) प्रसन्नता
(vi) समीर

4. **संधि-विच्छेद कीजिए|**

(i) देवालय
(ii) नमस्कार
(iii) महाशय
(iv) स्वाधीन
(v) छात्रावास
(vi) गणेश

Worksheet - 2

1. आशय स्पष्ट करो|

(i) भला इंसान कहलाने के लिए क्या यह ज़रुरी है कि सब सहन कर लिया जाए|

(ii) अपने अस्तित्व को बनाए रखने के लिए तुम्हें लड़ना होगा|

(iii) यह आलस्य तो बेकारी के कारण आया है और बेरोजगारी आई है, आलस्य से|

(iv) देश के कायाकल्प करने का यही मूल-मन्त्र है|

2. इन पंक्तियों का भाव अपने शब्दों में लिखें|

यह शून्य से होकर प्रकट, नव हर्ष से आगे झपट|
हर अंग से जाती लिपट, आनंद सरसाती हवा|
बरसात की आती हवा|

3. विलोम शब्द लिखिए|

(i) प्रेम

(ii) कठोर

(iii) प्रातः

(iv) विश्वास

(v) विनीत

(vi) भीरु

(vii) न्याय

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए|

(i) जूलिया कौन थी? और वह क्या काम कारती थी?

(ii) गृहस्वामी जूलिया से इतने संतुष्ट क्यों थे?

(iii) बालिका जमीन खोदते समय बार-बार पानी क्यों डाल रही थी?

(iv) बालिका के आनंद का आधार क्या था?

(v) वर्षा के बाद चलने वाली हवा किस-किससे खेलती है?

(vi) 'सागर-पाँखी' किस जिव को कहते हैं और वह कैसा होता है?

(vii) लेखक को ओस्लो के हवाई अड्डे पर उतरते ही आश्चर्य क्यों हुआ?

(viii) ज़फ़र मियाँ कौन थे?

(ix) ज़फर मियाँ ने मज़दूर को छोड़कर लेखक को पहले क्यों नहीं बुलाया?

(x) कवि किसका प्रेमी बनने की कामना कर रहा है?

Worksheet - 3

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए|

(i) ‘नवजीवन का विहान’ आने पर क्या होगा?

(ii) मज़दूर की हजामत बनते देखकर लेखक मन ही मन क्या सोच रहे थे और क्यों?

(iii) राष्ट्र को किन बातों से जीवन-शक्ति प्राप्त होती है?

(iv) ‘ओस्लो फीयोर्ड’ को ‘सागर-द्वार’ क्यों कहते हैं? इसकी विशेषता क्या है?

(v) उद्यम से ही किसी देश की उन्नति हो सकती है- उदाहरण देकर स्पष्ट करे|

(vi) गृहस्वामी ने जूलिया की तनख्वाह में से पैसे काटने के क्या-क्या बहाने बताए?

2. निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए|

(i) छोड़ना

(ii) लिखना

(iii) काटना

(iv) स्वस्थ

(v) प्यासा

(vi) अधिक

(vii) गहरा

3. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उनका लिंग स्पष्ट हो जाए|

(i) स्वामी

(ii) नाविक

(iii) गायिका

(iv) तकिया

(v) सड़क

4. रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए|

(i) चाची घर चली गई|

(ii) यह मेरी देवरानी है|

(iii) हंसिनी तालाब में तैर रही है|

(iv) मेरी बिटिया पढ़ने में तेज़ है|

(v) चिड़ा अभी तक पेड़ पर ही था|